**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3371**

दिनांक 08 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए

## आईसीडीएस में संस्थागत क्षमता और कार्यबल की स्थिति

3371. **श्री गौरव गोगोईः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) प्रणाली में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यूडब्ल्यू),आंगनबाड़ी सहायिकाओं (एडब्ल्यूएच), पर्यवेक्षकों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ), जिला कार्यक्रम अधिकारियों (डीपीओ), सांख्यिकीय सहायकों, डाटा एंट्री ऑपरेटरों, समाज कल्याण अधिकारियों और आईसीडीएस के कार्यान्वयन और प्रशासन में शामिल अन्य सहायक कर्मचारियों सहित संस्वीकृत पदों और कर्मचारियों की वास्तविक संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) इनमें से प्रत्येक श्रेणी में राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार रिक्तियों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने आंगनवाड़ी केन्द्रों और आईसीडीएस प्रशासन के कार्यकरण में संस्थागत और मानव संसाधन क्षमता में अंतरालों का हाल ही में कोई मूल्यांकन/लेखापरीक्षा की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए लागू मानदेय/वेतन संरचना का ब्यौरा क्या है और क्या उक्त दरों में संशोधन के लिए कोई प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क) से (घ):** मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 केंद्र प्रायोजित योजना है। केंद्र सरकार नीति और नियोजन के लिए ज़िम्मेदार है और राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, योजना के कार्यान्वयन हेतु कर्मचारियों की भर्ती सहित दिन –प्रतिदिन कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए ज़िम्मेदार हैं। विभिन्न स्तरों पर रिक्त पदों को भरने से संबंधित

मामला राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ सतत बातचीत/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियमित रूप से उठाया जाता है। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत, भरे गए और रिक्त पदों का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री(एडब्ल्यूडब्ल्यू) और आंगनवाड़ी सहायिका (एडब्ल्यूएच) स्थानीय समुदाय से "मानद कार्यकर्ता" हैं जो स्थानीय समुदाय की मदद करने के उद्देश्य से बाल देखरेख और विकास के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं,जिसके लिए उन्हें मानदेय दिया जाता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को मानदेय दिया जाता है जिसमें समय-समय पर वृद्धि की जाती है। दिनांक 01 अक्टूबर, 2018 से भारत सरकार ने केंद्र और राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के बीच निर्धारित लागत साझाकरण अनुपात के अनुसार मुख्य आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों का मानदेय 3,000 रुपये से बढ़ाकर 4,500 रुपये प्रति माह कर दिया गया है; लघु आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों का मानदेय 2,250 रुपये से बढ़ाकर 3,500 रुपये प्रति माह कर दिया गया है; आंगनवाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,250 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। इसके अलावा, राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र अपने संसाधनों से इन कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त मौद्रिक प्रोत्साहन/टॉप अप भी दे रहे हैं, जो राज्य दर राज्य अलग-अलग हैं । राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रदान किए गए अतिरिक्त टॉप -अप का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है ।

इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को 500 रुपये और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए 250 रुपये प्रति माह कार्य-निष्पादन आधारित प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

वर्तमान में, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**“आईसीडीएस में संस्थागत क्षमता और कार्यबल की स्थिति” के संबंध में दिनांक 08.08.2025 को को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3371 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, मिशन सक्षम, आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत जुलाई, 2025 तक विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत, कार्यरत और रिक्त पदों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार है:

| क्रम सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | सीडीपीओ | | | पर्यवेक्षक | | | एडब्ल्यूडब्ल्यू | | | एडब्ल्यूएच | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | भरे गए | रिक्त पद (राज्य के अनुसार) | स्वीकृत (राज्य के अनुसार) | भरे गए | रिक्त पद (राज्य के अनुसार) | स्वीकृत | भरे गए | रिक्त पद (राज्य के अनुसार) | स्वीकृत | भरे गए | रिक्त पद (राज्य के अनुसार) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 257 | 205 | 52 | 1951 | 1537 | 698 | 55969 | 54944 | 1025 | 55969 | 47356 | 8613 |
| 2 | बिहार | 544 | 389 | 155 | 4210 | 2803 | 1407 | 115097 | 110161 | 4936 | 115097 | 99990 | 15107 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 220 | 191 | 29 | 1866 | 1706 | 160 | 52642 | 52002 | 640 | 52642 | 50359 | 2283 |
| 4 | गुजरात | 336 | 158 | 178 | 2122 | 1705 | 417 | 53065 | 50277 | 2788 | 53065 | 48897 | 4168 |
| 5 | हरियाणा | 148 | 59 | 89 | 1016 | 890 | 126 | 25962 | 23194 | 2768 | 25450 | 20716 | 4734 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 78 | 47 | 31 | 757 | 597 | 160 | 18925 | 18580 | 345 | 18925 | 17759 | 1166 |
| 7 | जम्मू एवं कश्मीर | 128 | 97 | 31 | 1137 | 951 | 186 | 28426 | 28082 | 344 | 28426 | 27972 | 454 |
| 8 | झारखंड | 224 | 56 | 168 | 1344 | 667 | 677 | 38,957 | 37812 | 1145 | 38957 | 36510 | 2447 |
| 9 | कर्नाटक | 204 | 162 | 42 | 2503 | 1776 | 727 | 66098 | 66098 | 0 | 66098 | 59298 | 6800 |
| 10 | केरल | 258 | 256 | 2 | 1327 | 1238 | 89 | 33120 | 33051 | 69 | 33120 | 33066 | 54 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 453 | 295 | 158 | 3379 | 2749 | 1136 | 97882 | 95058 | 2824 | 97882 | 79598 | 18284 |
| 12 | महाराष्ट्र | 553 | 233 | 320 | 3899 | 2496 | 1403 | 110664 | 108560 | 2104 | 110664 | 104527 | 6137 |
| 13 | ओडिशा | 338 | 325 | 13 | 2922 | 1984 | 566 | 74223 | 73475 | 748 | 74223 | 71964 | 2259 |
| 14 | पंजाब | 155 | 86 | 69 | 1046 | 630 | 416 | 27314 | 25343 | 1971 | 27314 | 23239 | 4075 |
| 15 | राजस्थान | 304 | 235 | 69 | 2232 | 1460 | 772 | 62196 | 60625 | 1571 | 62196 | 59308 | 2888 |
| 16 | तमिलनाडु | 434 | 255 | 179 | 1980 | 1168 | 614 | 54,481 | 43940 | 10541 | 49541 | 34663 | 14878 |
| 17 | तेलंगाना | 149 | 149 | 0 | 1440 | 1250 | 190 | 35781 | 32782 | 2999 | 35781 | 23506 | 12275 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | उत्तर प्रदेश | 897 | 614 | 283 | 6643 | 1783 | 4860 | 190146 | 182348 | 7798 | 190116 | 128811 | 61305 |
| 19 | उत्तराखंड | 105 | 95 | 10 | 597 | 454 | 143 | 20070 | 19778 | 292 | 20070 | 17658 | 2412 |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 576 | 242 | 334 | 4779 | 2472 | 2307 | 119481 | 105210 | 14271 | 119481 | 95750 | 23731 |
| 21 | अरुणाचल प्रदेश | 98 | 84 | 14 | 263 | 205 | 58 | 6225 | 6225 | 0 | 6225 | 6225 | 0 |
| 22 | असम | 230 | 210 | 20 | 2269 | 1917 | 363 | 62142 | 59801 | 2341 | 62135 | 52911 | 9224 |
| 23 | मणिपुर | 43 | 36 | 7 | 391 | 370 | 21 | 11585 | 10747 | 838 | 11585 | 9231 | 2354 |
| 24 | मेघालय | 41 | 33 | 8 | 222 | 219 | 3 | 6188 | 6153 | 35 | 6188 | 6119 | 69 |
| 25 | मिजोरम | 27 | 27 | 0 | 90 | 90 | 0 | 2285 | 2244 | 41 | 2285 | 2244 | 41 |
| 26 | नागालैंड | 60 | 60 | 0 | 167 | 167 | 0 | 3980 | 3980 | 0 | 3980 | 3980 | 0 |
| 27 | सिक्किम | 13 | 13 | 0 | 58 | 58 | 0 | 1308 | 1308 | 0 | 1308 | 1308 | 0 |
| 28 | त्रिपुरा | 57 | 44 | 13 | 436 | 335 | 101 | 10474 | 10275 | 199 | 10474 | 10275 | 199 |
| 29 | अंडमान और निकोबार | 5 | 5 | 0 | 28 | 26 | 2 | 720 | 720 | 0 | 720 | 719 | 1 |
| 30 | गोवा | 11 | 11 | 0 | 50 | 50 | 0 | 1262 | 1240 | 22 | 1262 | 1191 | 71 |
| 31 | पुददुचेरी | 5 | 0 | 0 | 34 | 0 | 34 | 855 | 582 | 273 | 855 | 696 | 159 |
| 32 | चंडीगढ़ | 3 | 3 | 1 | 18 | 18 | 0 | 450 | 435 | 15 | 450 | 439 | 11 |
| 33 | लद्दाख | 13 | 0 | 13 | 42 | 34 | 9 | 1173 | 1163 | 10 | 1173 | 1153 | 20 |
| 34 | दिल्ली | 95 | 46 | 49 | 432 | 307 | 125 | 10897 | 10488 | 409 | 10897 | 10833 | 64 |
| 35 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव | 4 | 2 | 2 | 17 | 10 | 7 | 405 | 404 | 1 | 405 | 397 | 8 |
| 36 | लक्षद्वीप | 9 | 0 | 9 | 4 | 0 | 4 | 59 | 58 | 1 | 59 | 56 | 3 |
| | **कुल** | 7075 | 4723 | 2348 | 51671 | 34122 | 17781 | 1400507 | 1337143 | 63364 | 1395018 | 1188724 | 206294 |

**अनुलग्नक- II**

**“आईसीडीएस में संस्थागत क्षमता और कार्यबल की स्थिति” के संबंध में दिनांक 08.08.2025 को को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3371 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (एपीआईपी) 2025-26 के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रदान की गई अतिरिक्त टॉप-अप राशि का विवरण:

| क्रम सं. | राज्य | एडब्ल्यूडब्ल्यू को दिया जाने वाला अतिरिक्त मानदेय (प्रति माह) | एडब्ल्यूएच को दिया जाने वाला अतिरिक्त मानदेय (प्रति माह) |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 7,000 | 4,750 |
| 2 | बिहार | 2,500 | 1,750 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 5,500 | 2,750 |
| 4 | गुजरात | 5,500 | 3,250 |
| 5 | हरियाणा | 10,250 | 5,650 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 5,500 | 3,250 |
| 7 | जम्मू एवं कश्मीर | 600 | 300 |
| 8 | झारखंड | 5,000 | 2,500 |
| 9 | कर्नाटक | 7,000 | 4,500 |
| 10 | केरल | 5,700 | 4,300 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 8,500 | 4,250 |
| 12 | महाराष्ट्र | 8,500 | 5,250 |
| 13 | ओडिशा | 5,500 | 2,750 |
| 14 | पंजाब | 5,500-6,500 | 2,750-3,250 |
| 15 | राजस्थान | 5,510 | 3,674 |
| 16 | तमिलनाडु | 3,200 | 1,850 |
| 17 | तेलंगाना | 9,150 | 5,550 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 1,500 | 750 |
| 19 | उत्तराखंड | 4,800 | 3,000 |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 4,500 | 4,550 |
| 21 | अरुणाचल प्रदेश | 3,000 | 3,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22 | असम | 2,000 | 1,000 |
| 23 | मणिपुर | 1,000 | 600 |
| 24 | मेघालय | 3,000 | 1,000 |
| 25 | मिजोरम | 450 | 500 |
| 26 | नागालैंड | शून्य | शून्य |
| 27 | सिक्किम | 7,000 | 4,500 |
| 28 | त्रिपुरा | 3,500-5,946 | 2,750-4218 |
| 29 | अंडमान और निकोबार | 7,500 | 5,750 |
| 30 | गोवा | 5,500 -13,500 | 3,750 - 6,750 |
| 31 | पुदुचेरी | 1,950 | 2,125 |
| 32 | चंडीगढ़ | 3,600 | 1,800 |
| 33 | लद्दाख | 1,300 | 650 |
| 34 | दिल्ली | 6,720 | 3,360 |
| 35 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव | 3,500 | 1,750 |
| 36 | लक्षद्वीप | 5,500 | 4,750 |

*****